<u>समाचार</u>

<u>स्वच्छता महाअभियान</u>

बुधवारी व रूमगरा वार्ड में संचालित मेगा स्वच्छता ड्राईव में पहुंचे आयुक्त

(आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने स्वच्छता कार्यो का किया निरीक्षण, बस्तीवासियों से भेंट की, उनकी समस्याओं को जाना, निराकरण के दिए निर्देश)



कोरबा 27 फरवरी 2025 – नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा स्वच्छता महाअभियान के 21वें दिवस आज बुधवारी व रूमगरा वार्ड में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित कर व्यापक स्तर पर साफ–सफाई के कार्य एक अभियान के रूप में कराए गए। वहीं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों की टीम के साथ उक्त वार्डो की विभिन्न बस्तियों व मोहल्लों में पहुंचकर साफ–सफाई कार्यो का निरीक्षण किया, उन्होने बस्तियों के रहवासियों से निगम के साफ–सफाई कार्यो पर चर्चा की, उनकी समस्याओं को जाना तथा त्वरित निराकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में कोरबा नगर पालिक निगम क्षेत्र में चलाए जा रहे स्वच्छता महाअभियान के 21वें दिन आज कोसाबाड़ी जोन के बुधवारी वार्ड एवं बालको जोन के रूमगरा वार्ड में मेगा स्वच्छता ड्राईव चलाई गई तथा एक बड़े अभियान के रूप में व्यापक स्तर पर साफ–सफाई के कार्य किए गए।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने बुधवारी वार्ड के विभिन्न मोहल्लों व सकरी गलियों में पैदल भ्रमण करते हुए साफ–सफाई कार्यो का जायजा लिया, इसी प्रकार रूमगरा वार्ड में पहुंचकर वहॉ के विभिन्न मोहल्लों का भ्रमण करते हुए स्वच्छता कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों से कहा कि जिन वार्डो में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित हो रही है, वहॉ की एक बार सम्पूर्ण रूप से सफाई, नालियों की सतह से सफाई, सड़क किनारे उगी झाड़ियों, बर्म आदि की सफाई, सी.एण्ड डी.वेस्ट का उठाव के साथ–साथ सफाई कार्य के दौरान उत्सर्जित हुए कचरे का त्वरित उठाव व परिवहन का कार्य सुनिश्चित कराएं। उन्होने इस मौके पर बेहतर सफाई कार्यो के संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन भी किया।

<u>हर घर से हो अपशिष्ट का नियमित संग्रहण</u> – आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निगम की डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण की व्यवस्था में और अधिक कसावट लाएं तथा यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि प्रत्येक घर से अपशिष्ट का नियमित रूप से संग्रहण किया जाए तथा एक भी घर इससे न छूटे। इस मौके पर उन्होने बस्तियों में डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण का कार्य कर रही स्वच्छता दीदियों से भी चर्चा की तथा कचरा संग्रहण के संबंध में सघन जानकारी लेते हुए उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

<u>सफाई रिक्शें में ही कचरे को दें, सड़क, नाली पर न डालें कचरा</u> – बस्तियों में भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने वहॉ के रहवासियों से निगम के साफ–सफाई कार्यो पर चर्चा की तथा उनसे पूछा कि कचरा लेने के लिए निगम का सफाई रिक्शा प्रतिदिन उनके घरों में आता है या नहीं। उन्होने बस्तीवासियों से आग्रह किया कि वे अपने घरों से उत्सर्जित सूखे व गीले कचरे को पृथक –पृथक डस्टबिन में ही संग्रहित करके रखें तथा निगम के सफाई रिक्शें में ही उस कचरे को पृथक–पृथक दें। उन्होने अपील की कि कचरे को सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थलों पर न डालें, शहर को साफ–सुथरा रखने व निगम के साफ–सफाई कार्यो में अपना सहयोग दें।